Tital Code RAJHIN27802

# वागड़ संदेश

जन मन की आवाज

www.wagadsandesh.com

सम्पर्क

ई-पेपर मे खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें

ई मेल editorwagadsandesh@gmail.com

8890633631
9309255545
6351581818

वर्ष-1 अंक-299 सागवाड़ा,गुरुवार,21 जुलाई, 2022 अवधि: हिन्दी ई-पेपर पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)


## कराड़ा के पीलूड़ा फला में क्वार्ट्ज का अवैध खनन, जेसीबी जब्त, कुछ दूरी पर खड़े खाली डंपर को छोड़ा

**बड़ा सवाल - मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद डूंगरपुर में अवैध रूक सकेगा ?**

**बड़े लोग- क्वार्ट्ज खनन के इस काम में ऐसे लोग जुड़े हुए जिससे अवैध खनन पर लगाम नहीं लग पा रही है**





सागवाड़ा। कराड़ा सहित आसपास का क्षेत्र क्वार्ट्ज पत्थर के अवैध खनन का गढ़ बना हुआ हैं। यहां जगह जगह ज़मीन को गोद कर क्वार्ट्ज पत्थर निकाले जा रहे हैं। कराड़ा क्षेत्र में क्वार्ट्ज पत्थर के अवैध खनन का काम रूकने का नाम नहीं ले रहा है। पिछले दिनों कराड़ा गांव के पीलूड़ा फला में अवैध खनन करते एक जेसीबी को जब्त किया गया। हालांकि वहां कुछ दूरी पर खड़े डंपर को जब्त नहीं किया गया। बताया जा रहा है कि कार्यवाही को दबाने में पुलिस और खनन विभाग पर भारी दबाव था। किसी बड़े व्यक्ति के इशारों पर यहां खनन हो रहा था।

मुख्यमंत्री भले ही अवैध खनन को रोकने सख्त कदम उठाने के निर्देश दे रहे हैं लेकिन सागवाड़ा उपखंड क्षेत्र के कराड़ा गांव में पिछले दिनों हुए एक कार्रवाई सीएम के निर्देश की हवा निकाल रही है। इस पूरे क्षेत्र में रात को क्वार्ट्ज पत्थर का अवैध खनन हो रहा है। अवैध खनन को लेकर न तो प्रशासन गंभीर दिखाई दे रहा है और न ही खनन विभाग। हाल ही में पीलूड़ा फलां में जहां कार्रवाई कर जेसीबी मशीन जब्त की गई। इधर, सरोदा चौकी प्रभारी ने बताया कि खनन क्षेत्र से कुछ दूरी पर डंपर था लेकिन यदि खनन विभाग के अधिकारी कहते तो हम तो उसे भी जब्त कर लेते। इधर, मौके पर पहुंचे खनन विभाग डूंगरपुर के फोरमेन जसवंत सिंह ने बताया कि डंपर खनन क्षेत्र से दूरी पर था और खाली था इस लिये जब्त नहीं किया गया। इधर, खनन क्षेत्र के पास ही दूसरी जगह पर खनन होने के बारे में फोरमेन जसवंत सिंह से पूछा गया तो उन्होंने बताया कि कार्यवाही रात को हुई थी इसलिए ठीक से देख नहीं पाते यदि ऐसा है तो दिखवा लेंगे।

## रीट परीक्षा को लेकर जिला प्रशासन मुस्तेद

**कलेक्टर व एसपी ने शहर में कई परीक्षा केन्द्रों का किया निरीक्षण**

**डूंगरपुर।** जिला प्रशासन रीट परीक्षा को लेकर मुस्तेद है और तैयारियो में जुटा है। इसी के तहत डूंगरपुर जिला कलेक्टर डॉ इन्द्रजीत यादव व एसपी राशि डोगरा ने आज शहर में परीक्षा को लेकर बनाए गए परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान कलेक्टर व एसपी ने परीक्षा केन्द्रों पर सुरक्षा व बैठक व्यवस्थाओ का जायजा लिया और आवश्यक दिशा निर्देश दिए है।

जिले में भी 23 व 24 जुलाई को रीट परीक्षा का आयोजन होना है। परीक्षा को लेकर डूंगरपुर जिला मुख्यालय पर 29 केंद्र बनाए गए है। इधर डूंगरपुर जिला प्रशासन परीक्षा को लेकर अपनी तैयारियों में जुटा हुआ है।

इसी के तहत डूंगरपुर जिला कलेक्टर डॉ इन्द्रजीत यादव व एसपी राशि डोगरा ने आज शहर में विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान जिला कलक्टर डॉ.यादव एवं एसपी डोगरा ने अस्पताल के पास स्थित रघुनंदनदास बीएड कॉलेज ,माथुगामडा रोड स्थित विद्या निकेतन एवं हाउसिंग बोर्ड स्थित मार्डन स्कुल का निरीक्षण करते हुए बैठक व सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान जिला कलक्टर डॉ.यादव ने रघुनंदनदास बीएड कॉलेज में परीक्षार्थियो के बैठक व्यवस्था में लगे हुये टेबल को हटा कर नये टेबल लगाने के निर्देश दिये है। जिला पुलिस अधीक्षक डोगरा ने विद्या निकेतन स्कुल की बाउंड्री टूटी होने के चलते स्कूल के बाहर बेरिकेटस लगाने एवं दो अतिरिक्त पुलिस हॉमगार्ड लगाने के निर्देश दिये है। साथ ही उन्होने मॉर्डन स्कुल पहुंच कर केन्द्राधीक्षक से व्यवस्थाओं को लेकर जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। डूंगरपुर जिले में रीट परीक्षा में 42 हजार 696 अभ्यार्थी परीक्षा देंगे7 जिसमें पहले दिन लेवल प्रथम पारी में 11 हजार 160 अभ्यार्थी, द्वितीय पारी में 09 हजार 216 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। वही इसी के साथ दूसरे दिन पहली पारी में 11 हजार 160 और दूसरी पारी में भी 11 हजार 160 अभ्यार्थी परीक्षा देंगे। जिसमें विक्षक 930, सुपरवाईजर 116, बीट सुपरवाईजर 29, आतंरिक निरीक्षक दल में 64, मंत्रालयिक कर्मचारी 93 एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी 263 नियुक्त किये गये है।

## पंचायत की बेशकीमती भूमि पर दुकाने बनाने की जांच ठन्डे बस्ते में

**आदेश के 15 दिन बाद भी शुरू नहीं हुई जांच**

**डूंगरपुर।** जिले की बिछीवाडा पंचायत समिति की ग्राम पंचायत बिछीवाडा में सरकारी अस्पताल के पास पंचायत की बेशकिमती जमीन पर अतिक्रमण कर दुकान बनाने के मामले की जांच ठन्डे बस्ते में चली गई है। डूंगरपुर जिला परिषद के सीईओ ने 6 जुलाई को मामले की जाँच के आदेश बिछीवाडा पंचायत समिति के बीडीओ को दिए थे। लेकिन 15 दिन बीतने के बाद भी अभी तक मामले की जांच शुरू नहीं हो सकी है। बाजार भाव के हिसाब से उक्त भूमि की कीमत करीब एक करोड़ रूपये है। मामले के अनुसार डूंगरपुर जिले के बिछीवाडा राजकीय अस्पताल की दीवार से लगते हुए बिछीवाडा पंचायत की बिलानाम भूमि है। जिसकी कीमत बाजार भाव के अनुसार एक करोड़ के करीब है। लेकिन पंचायत की अनदेखी या यू कहे की पंचायत की सरपंच व ग्राम विकास अधिकारी की मिलीभगत से भूमाफिया अरविन्द लबाना ने उक्त बेशकीमती जमीन पर कब्ज़ा करते हुए 5 दुकानों का निर्माण कर लिया गया है। वही निर्माण के बाद उक्त दुकानों से भूमाफिया ने व्यापार भी शुरू कर दिया है। उक्त मामले को मीडिया ने प्रमुखता से उठाया था। जिसके बाद डूंगरपुर जिला परिषद के सीईओ दीपेन्द्र सिंह राठोर ने 6 जुलाई को बिछीवाडा पंचायत समिति के बीडीओ को जांच टीम करते हुए जांच करवाने के आदेश दिए थे। जिला परिषद से जांच के आदेश हुए 15 दिन बीत चुके है लेकिन बिछीवाडा पंचायत समिति के बीडीओ हरीप्रसाद बरजोड द्वारा अभी तक जांच टीम का गठन तक नहीं किया गया है। वही जांच ठन्डे बस्ते में पड़ी हुई है। इधर जब इस मामले में बिछीवाडा पंचायत समिति के बीडीओ हरीप्रसाद बरजोड से पूछा गया तो उन्होंने कहा की जांच टीम का गठन कर दिया है और सात दिनों में जांच रिपोर्ट तैयार कर जिला परिषद को भेजी जायेगी। लेकिन जब जांच टीम के सम्बन्ध में जानकारी मांगी गई तो उनके पास कोई जवाब नहीं था।

### पंचायत की भूमिका संदिग्ध

इधर पूरे मामले में बिछीवाडा की सरपंच शारदा कोटेड व ग्राम विकास अधिकारी हीरालाल अहारी की भूमिका संदिग्ध नजर आ रही है। भूमाफिया ने पंचायत की बेशकीमती जमीन पर पहले कब्ज़ा किया गया। उसके बाजवूद उस कब्जे को पंचायत द्वारा हटाया नहीं गया। वही ईतना ही नहीं कब्जे के बाद भूमाफिया अरविन्द लबाना ने पंचायत की कब्जेशुदा बेशकीमती जमीन पर 5 दुकानों का निर्माण कार्य शुरू किया तब भी पंचायत की ओर से उस निर्माण कार्य पर ध्यान नहीं दिया गया और न ही इस सम्बन्ध में भूमाफिया को किसी प्रकार का नोटिस देकर निर्माण कार्य रुकवाया गया। वही अब दुकानों का निर्माण कार्य पूरा हो चूका जहा पर भूमाफिया द्वारा उक्त दुकाने किराए पर देकर व्यापार किया जा रहा है। लेकिन पंचायत की ओर से अभी तक अतिक्रमण हटाने की भी कार्रवाई नहीं की गई है।

## रैगिंग के मामले में 9 माह बाद भी न्याय नहीं मिलने पर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा

**डूंगरपुर।** मेडिकल कॉलेज के एक एमबीबीएस छात्र ने रैगिंग के मामले में 9 माह बाद भी न्याय नहीं मिलने पर आज जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते हुए न्याय की गुहार लगाई है।

शहर के ग्रीन पार्क कॉलोनी निवासी एमबीबीएस छात्र मयंक खराड़ी ने जिला कलेक्टर को सौंपा। ज्ञापन में बताया कि 20 अक्टूबर 2021 के दिन जब वह डूंगरपुर मेडिकल कॉलेज में परीक्षा देने के बाद कॉलेज के बाहर एक दुकान पर चाय पी रहा था तभी कॉलेज के विद्यार्थी सूरज बंसल सहित 9 विद्यार्थियों ने उसकी रैगिंग लेने की कोशिश की। वही विरोध करने पर आरोपी छात्रों ने मिलकर उसके साथ लात-घुसो से मारपीट करते हुए जातिगत रूप से अपमानित किया। पीड़ित छात्र तरुण खराड़ी ने बताया कि 9 माह पहले उसने मारपीट और एसटी-एससी एक्ट की धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया था लेकिन आज तक ना तो आरोपियों की गिरफ्तारी हुई है और ना ही कोर्ट में चालान पेश किया गया है। पीड़ित छात्र और उसके साथियों ने मिलकर आरोपी छात्रों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है वहीं शीघ्र कार्रवाई नहीं होने पर सामाजिक स्तर पर विरोध प्रदर्शन की चेतावनी दी है।

## मनरेगा से बदलें तस्वीर, 125 दिन मुहैया हो : सुखदेव यादव

**लोकपाल यादव ने किया पंचायत समितियों का दौरा* मनरेगा में स्वीकृत कार्यो की प्रगति की जानकारी ली**

**डूंगरपुर।** राज्य सरकार द्वारा मनरेगा योजना में नियुक्त लोकपाल सुखदेव यादव ने गुरूवार को जिले की तीन पंचायत समितियो का दौरा कर मनरेगा में स्वीकृत विकास कार्यो के प्रगति की जानकारी ली और समय पर विकास कार्य पूर्ण कराने निर्देश दिए।

यादव ने जिले की झौंथरी, चीखली और सीमलवाड़ा पंचायत समितियो का दौरा किया। उन्होंने पंचायत समिति में मनरेगा कार्मिकों से स्वीकृत कार्य, कार्यो की प्रगति और श्रमिक नियोजन संबंधी जानकारी ली। यादव ने कहा कि मनरेगा योजना डूंगरपुर जिले के लिए वरदान है। यहां के जरूरतमंदों को राज्य सरकार की मंशा अनुरूप 125 दिन का रोजगार मिलें। योजनान्तर्गत स्वीकृत कार्य समय पर पूरे हो और विकास कार्यो से क्षेत्रीय तस्वीर बदलकर योजना को सार्थक बनाएं। यादव ने कहा कि मनरेगा में पूरी पारदर्शिता के साथ कार्यो का निष्पादन करें। ग्राम्य क्षेत्र में भरपूर रोजगार मिलें और स्वीकृत कच्चे एवं पक्के कार्यो में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाएं। यादव ने मनरेगा से जुड़े श्रमिकों से भी अपील की है कि मनरेगा योजना को लेकर किसी प्रकार की शिकायत होने पर डूंगरपुर मुख्यालय पर जिला परिषद में लोकपाल कार्यालय में संपर्क कर सकते है। इससे पूर्व गत गुरुवार लोकपाल यादव ने दोवड़ा,आसपुर व साबला का दौरा किया था। लोकपाल का दायित्व मिलने के बाद पहली बार पंचायत समिति पहुंचे यादव का माला पहनाकर स्वागत किया गया।



## सट्टा खेलते व पर्चिया काटते 8 सटोरिये गिरफ्तार, 26 हजार 105 रुपए जब्त

**डीएसटी ने शहर में दो अलग-अलग जगह दी दबिश**

**डूंगरपुर।** जिले की पुलिस की स्पेशल टीम (डीएसटी) ने कोतवाली थानान्तर्गत डूंगरपुर शहर में दो अलग-अलग जगहों पर दबिश दी। इस दौरान पुलिस की स्पेशल टीम ने 8 सटोरियों को गिरफ्तार किया है।

वही उनके कब्जे से 26 हजार 105 रुपए की राशी जब्त की है। इधर कार्रवाई के बाद पुलिस की स्पेशल टीम ने सटोरियों व राशि को कोतवाली थाना पुलिस के सुपुर्द किया। डूंगरपुर जिले की पुलिस की स्पेशल टीम के प्रभारी डिप्टी मनोज सामरिया ने बताया की जिले में जिला पुलिस अधीक्षक राशी डोगरा ने अवेध गतिविधियों के खिलाफ अभियान चला रखा है। जिसके तहत मुखबिर के जरिये आज शहर के नया बस स्टैंड व पुराना बस स्टैंड के पास सट्टे के कारोबार की सुचना मिली थी।

जिस पर पुलिस की स्पेशल टीम के एएसआई हरिश्चन्द्र, हैड कांस्टेबल अरविन्द सिंह, राजकुमार, कांस्टेबल लक्ष्मण सिंह, अंकित त्रिवेदी, राकेश कुमार, अभिषेक, राहुल और भूपेन्द्र कुमार ने दो टीम बनाकर नया बस स्टैंड व पुराना बस स्टैंड पर जाकर दबिश दी। इस दौरान एक टीम ने पुराना बस स्टैंड से 6 सटोरियों को सट्टे की पर्ची काटते व सट्टा खेलते हिरासत में लिया। वही नया बस स्टैंड से 2 सटोरियों को सट्टे की पर्ची काटते व सट्टा खेलते हिरासत में लिया। दोनों टीमो ने 8 सटोरियों से 26 हजार 105 रुपए की राशी बरामद की।

इधर कार्रवाई के बाद पुलिस की स्पेशल टीम ने सभी सटोरियों व जब्त राशि को कोतवाली थाना पुलिस के सुपुर्द किया। इधर कोतवाली थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है वही सटोरियों से पूछताछ की जा रही है।

## अन्तर्विभागीय मुद्दों को आपसी समन्वय से हल करें विभाग:उषा शर्मा

**जयपुर।** मुख्य सचिव उषा शर्मा ने कहा कि इन्फ्रास्ट्रक्चर से जुड़े अन्तर्विभागीय मुद्दों को संबंधित विभाग आपसी समन्वय से हल करें, ताकि योजनाओं का समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित हो सके। मुख्य सचिव गुरूवार को शासन सचिवालय में प्रदेश में आधारभूत संरचना के अन्तर्गत अन्तर्विभागीय मुद्दों के निराकरण के लिए गठित ग्रुप ऑफ सेक्रेट्रीज की बैठक की अध्यक्षता कर रही थीं। उन्होंने प्रदेश में सड़क, बिजली, पानी और इन्फ्रास्ट्रक्चर के विकास से जुड़ी सभी योजनाओं, बजट घोषणाओं तथा फ्लैगशिप योजनाओं के क्रियान्वयन में सामने आ रहे अन्तर्विभागीय मुद्दों की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित विभागों के सचिवों से कहा कि वे आपसी बातचीत एवं सहयोग से योजनाओं के लिए विभिन्न प्रकार की अनुमतियों, भू आवंटन, वित्तीय सहयोग, बकाया भुगतान जैसे मुद्दों को हल करें। मुख्य सचिव ने विभिन्न पेयजल योजनाओं के अंतर्गत पाइपलाइन बिछाने तथा अन्य कार्यों के लिए वन विभाग, राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण से अनापत्ति पत्र लेने, योजनाओं के लिए बिजली कनेक्शन तथा भू आवंटन जैसे मुद्दों पर चर्चा की तथा आवश्यक दिशा- निर्देश दिये। उन्होंने अधिकारियों को कहा कि जिन योजनाओं में भूमि अधिग्रहण ना होने अथवा किसी अन्य कारण से विलम्ब हुआ है, उनको भी डेडलाइन लेकर पूरा करें। मुख्य सचिव ने अप्रेल माह में इस संबंध में आयोजित बैठक में दिये गए निर्देशों की विभागों द्वारा अनुपालना की समीक्षा भी की। बैठक में खान एवं पैट्रोलियम, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी एवं भूजल विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव सुबोध अग्रवाल, सार्वजनिक निर्माण विभाग के प्रमुख शासन सचिव नवीन महाजन, प्रमुख शासन सचिव नगरीय विकास एवं आवासन कुंजी लाल मीणा, शासन सचिव उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग भवानी सिंह देथा उपस्थित थे।

## द्रौपदी मुर्मू राष्ट्रपति चुनाव जीतीं



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति चुनाव के लिए अब तक हुई मतगणना से ये साफ हो गया है कि द्रौपदी मुर्मू चुनाव जीत गई हैं। राज्यसभा महासचिव ने कहा कि द्रौपदी मुर्मू ने 50 फ़ीसदी से ज्यादा वोट प्राप्त किया। मुर्मू ने जीत का आंकड़ा पार कर लिया है। अभी उनके जीतने की आधिकारिक घोषणा होनी बाकी है। राज्यसभा के महासचिव पीसी मोदी ने कहा कि इस दौर तक अब तक कुल वैध वोट 3219 की गिनती हुई है जिसका कुल मूल्य 8,38,839 है। जिसमें से द्रौपदी मुर्मू को 5,77,777 के मूल्य के 2161 वोट मिले हैं।

यशवंत सिन्हा को 2,61,062 के मूल्य के 1058 वोट मिले। निवर्तमान राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने देश का नया राष्ट्रपति चुने जाने पर द्रौपदी मुर्मू को बधाई दी है। उन्होंने ट्वीट कर लिखा, द्रौपदी मुर्मू झड्ड भारत के 15वें राष्ट्रपति के रूप में चुने जाने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। पीएम मोदी ने ट्वीट कर लिखा, भारत ने इतिहास लिखा है। ऐसे समय में जब 1।3 अरब भारतीय आजादी का अमृत महोत्सव मना रहे हैं, पूर्वी भारत के एक सुदूर हिस्से में पैदा हुए एक आदिवासी समुदाय की भारत की बेटी को हमारा राष्ट्रपति चुना गया है। इस उपलब्धि पर द्रौपदी मुर्मू जी को बधाई।

## ब्राउन शुगर के साथ एक आरोपी गिरफ्तार बाइक जब्त, सागवाडा पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट में मामला किया दर्ज

सागवाड़ा। डूंगरपुर जिले की सागवाडा थाना पुलिस ने थाना क्षेत्र के गलियाकोट रोड पर नाकेबंदी के दौरान ब्राउन शुगर के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी से 6.40 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद की है। वही आरोपी की बाइक को भी जब्त किया है। डूंगरपुर जिले के सागवाडा थाने के सीआई शैलेन्द्र सिंह ने बताया की डूंगरपुर जिले में जिला पुलिस अधीक्षक राशी डोगरा ने निर्देश पर मादक पदार्थो की तस्करी के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत सागवाडा थाना पुलिस की ओर से सागवाडा-गलियाकोट मार्ग पर गलियाकोट मोड़ पर नाकेबंदी की गई है। इस दौरान एक बाइक सवार को रोककर तलाशी ली गई तो बाइक सवार के पास से पुलिस ने ब्राउन शुगर बरामद की। जिसकी मात्रा 6.40 ग्राम थी। जिस पर पुलिस ने बाइक व ब्राउन शुगर को जब्त कर आरोपी बाइक सवार को हिरासत में लेकर सागवाडा थाने लेकर आई। 31 वर्षीय आरोपी युवक विकास कटारा पिता गुलाब कटारा सागवाडा की इंदिरा कॉलोनी निवासी है। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज कर आरोपी विकास कटारा को गिरफ्तार किया।

सागवाडा थाने के सीआई शैलेन्द्र सिंह ने बताया की पूर्व में भी आरोपी विकास कटारा के खिलाफ ब्राउन शुगर बेचने का प्रकरण दर्ज है और चालान पेश हो चूका है। उन्होंने बताया की पुलिस आरोपी से ब्राउन शुगर किससे ख़रीदा और किसे बेचने वाला था इस सम्बन्ध में पूछताछ कर रही है।